हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 21 मई 2025

11 रिसोर्स पर्सन को नशे से दूर रहने के लिए दिया प्रशिक्षण


12 मजदूर और कर्मचारियों की मांगों को लेकर...


### रोहिंग्यां के शक में पुलिस ने चलाया सर्च अभियान
# नौ पुरुष, तीन महिलाओं के आधार कार्ड मिसमेच

■ पुलिस ने मौके पर ही एडीसी की तरफ से आधार कार्ड चेक करने वाली टीम से प्रवासियों के आधार कार्ड चेक करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





मंगलवार तड़के पुलिस की टीमों ने रोहिग्यां के शक में दादरी रोड पर कचरा डपिंग प्वाइंट इलाके में सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने मौके पर ही अतिरिक्त उपायुक्त की तरफ से आधार कार्ड चेक करने वाली टीम से अवैध प्रवासियों के आधार कार्ड चेक करवाए। इस दौरान नौ पुरुष तथा तीन महिलाओं के आधार कार्ड मिसमेच पाए गए। साथ ही 40 लोगों के आधार कार्ड संदिग्ध मिले। पुलिस ने मिसमेच मिले आधार कार्ड वाले नौ पुरुष व तीन महिलाओं को डिटेन किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है साथ में उनके डाक्यूमेंटों की जांच की जा रही है। जांच पड़ताल पूरी होने के बाद अगर उनके कागजात वैध मिले तो उनको फ्री कर दिया जाएगा। फिलहाल पुलिस व जिला प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

अल सुबह पुलिस की पांच टीम दादरी रोड स्थित कचरा डम्पिग प्वाइंट पर बनाई गई झुग्गी झोपड़ियों में पहुंची। टीम ने वहां पर झोपड़ियों में रह रहे लोगों के आधार कार्डो की जांच करवानी आरंभ कर दी। इस दौरान 40 आधार कार्ड संदिग्ध मिले। जिनकी जांच पड़ताल की जा रही है। इनके अलावा नौ लोगों के आधार कार्ड मिसमेच पाए गए तथा तीन महिलाओं के आधार कार्ड का रिकार्ड नहीं मिला। सभी 12 लोगों के पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उनके कागजातों की जांच की जा रही है। पुलिस टीम के इस तरह के अभियान के बाद झुग्गी झोपड़ियों में में हड़कम्प मच गया।

**आसाम में बने आधार कार्ड को दादरी-भिवानी में बदलाया:** जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है कि जिन लोगों के आधार कार्ड संदिग्ध है। उनके आधार कार्ड आसाम में बने हुए हैं,लेकिन अब उनको दादरी या भिवानी के नाम से क्यों बदलवाया गया। पता बदलवाने की वजह से शक गहरा हो गया है। माना जा रहा है कि जिला प्रशासन आसाम में भी इस बात की पड़ताल करवाएगा कि वहां पर आधार कार्ड सही कागजातों के आधार पर बनवाया गया है या फिर वहां पर भी फर्जी डाक्यूमेंट के आधार पर तैयार किया गया है।

यह तो अभी जांच का विषय है,लेकिन पुलिस व जिला प्रशासन ने झुग्गी झोपडियों में रह रहे अवैध प्रवासियों की पहचान की जड़ तक जाने की तैयारी कर ली है।



**भिवानी।** आधार कार्ड मिसमेच होने परयुवक को ले जाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### यदि कोई अनजान व्यक्ति दिखे तो तुरंत करें पुलिस को सूचित : एसएचओ

थाना शहर प्रभारी ने बताया कि आज सुबह पांच टीमों ने शहर में दो जगहों पर अवैध प्रवासियों(रोहिंग्यों) के रहने की सूचना के आधार पर छापा मारा। छापे के दौरान 9 पुरुष व तीन महिलाओं के आधार कार्ड मिसमेच पाए गए। उनको डिटेन किया गया है। इनके अलावा 40 लोगों के आधार कार्ड संदिग्ध है। उनकी पड़ताल जारी है। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को कूडा व कचरा बिनने वाली महिला या पुरुष संदिग्ध लगे तो उस बारे में तत्काल पुलिस को सूचना दे या फिर पुलिस की 112 नम्बर पर डायल करके सूचित करें। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर इस तरह के लोगों को डिटेन करेगी। चूंकि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

### पुलिस को देख खिसके

जिस वक्त पुलिस की पांच टीमें दादरी रोड कचरा डम्पिग प्वाइंट पर पहुंची। उस वक्त कुछ युवक पुलिस को देखकर खिसक गए। हालांकि पुलिस ने घेराबंदी करके जांच पड़ताल की,लेकिन एक दो युवक अल सुबह काम के लिए जाने का बहाना बनाकर निकल गए। जिनके आधार कार्ड मिसमेच पाए गए। उन सभी लोगों को पुलिस अपने साथ ले गई। पुलिस प्रशासन का तर्क है कि जब तक उनको यह लगेगा कि इन क्षेत्रों में अवैध प्रवासी है।

## पानी का सही तरीके से प्रयोग करें नागरिक

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जिलावासियों का आह्वान किया है कि वे अपने घरों में लगे नलों या घरों के बाहर लगे नलों को खुला न छोड़ें और जब आवश्यकता हो तब ही इन नलों को चलाए। नलों को खुला छोड़ने से जहां कीमती पानी की बरबादी होती है, वहीं पानी के व्यर्थ बहने से गलियों एवं सड़कों का नुकसान होता है जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा होती है। इससे गर्मी के मौसम के दौरान पेयजल आपूर्ति में भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने आमजन से यह भी अपील की है कि वे अपने बाग-बगीचों की अनावश्यक सिंचाई न करें और अनावश्यक रूप से गाडियों इत्यादि को धोना बंद करें ताकि जनता की सेवा में सभी को समान रूप से जल वितरण किया जा सके।

## पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई कल भिवानी में

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भिवानी व हिसार से पूर्व में सांसद रहे कुलदीप बिश्नोई 22 मई को भिवानी में अपने पुराने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनका हालचाल जानेंगे। यह जानकारी देते हुए कुलदीप बिश्नोई के निजी मीडिया प्रभारी मुकेश खटीक ने बताया कि पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई के भिवानी आगमन से उनके कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। इस दौरे के दौरान कुलदीप बिश्नोई अपने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने का कार्य करेंगे।

## अभद्र इशारे करने के दोषी को तीन साल कैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अदालत ने नाबालिग लड़की को अभद्र इशारे करने के मामले में आरोपी को अजय पराशर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पोस्को भिवानी की कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 03 साल कैद की सजा व 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में थाना सदर पुलिस ने वर्ष 2024 में अभियोग पंजीबद्ध किया था।

मामले के अनुसार वर्ष 2024 में थाना सदर पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें नाबालिक लड़की के पिता ने आरोपी के द्वारा नाबालिग लड़की को रास्ते में अभद्र इशारे करने के मामले में अभियोग दर्ज करवाया था। इसके बाद नाबालिग के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाए गए तथा जांच इकाई के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। जो न्यायालय ने अभियोग में सुनवाई करते हुए आरोपी जयपाल पुत्र मलखान निवासी खरक खुर्द, भिवानी को 03 साल कैद की सजा सुनाई व कुल 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न भरने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पड़ेगी।

### विधायक ने मांगा दो दिन पहले अतिरिक्त पानी
# बुधवार शाम तक पानी पहुंचने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



विधायक घनश्याम सर्राफ

■ विधायक की मांग पर अंटा हैड पर पहुंचा 400 क्यूसेक पानी,पानी की गति धीमी होने से देरी से पहुंचने की उम्मीद

■ नहरी पानी पहुंचने के बाद शहर में पीने के पानी की समस्या नहीं रहेगी।

अब शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। पानी की एक-एक घूट-घूट के लिए मारे फिर रहे लोगों की समस्या का जल्द ही समाधान होने वाला है। पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए सिंचाई विभाग ने दो दिन पहले अतिरिक्त पानी दिए जाने की मांग की।

आला अधिकारियों की मांग के बाद सिंचाई विभाग ने जलघरों में पानी पहुंचाने के लिए पानी छोड़ा है। हालांकि कम मात्रा में ही नहरी पानी मिला,लेकिन पानी कम होने की वजह से केवल जुई फीडर में पानी चलाया जाएगा। ताकि शहर के अलावा अन्य इलाकों में बने जलघरों तक पानी पहुंचाया जा सके। पानी पहुंचने के बाद ही शहर के लोगों को पीने के पानी से राहत मिल जाएगी। जिसकी बुधवार शाम तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

**18 मई को पानी छोड़ने की मांग भेजी थी:** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों में 18 मई को पानी छोड़ने की मांग भेजी थी,लेकिन पानी कम होने की वजह से नहरों को पानी नहीं मिल पाया था। बाद में पानी का संकट गहराया गया। पीने के पानी का संकट गहराने की वजह से सिंचाई विभाग ने अतिरिक्त पानी छोड़ने की मांग की। जिसके आधार पर मूनक से सुंदर ग्रुप में कम मात्रा में पानी छोड़ा गया। सूत्र बताते है कि मंगलवार सुबह तक सफीदों के आसपास पानी पहुंचा था,लेकिन पानी की गति कम व कम मात्रा में होने की वजह से बुधवार शाम तक भिवानी की सीमा में पानी पहुंचने की उम्मीद है। नहरी पानी पहुंचने के बाद ही लोगों को पीने के पानी की समस्या से राहत मिल पाएगी।

### जलघरों में स्टॉक खत्म

नहरी पानी देरी से पहुंचने की वजह से शहर, कस्बों व ग्रामीण इलाकों में स्थित जलघरों के टैंकों में पानी का स्टॉक खतम हो गया। उन जलघरों में ट्यूबवेल लगाए गए है। अधिकांश ट्यूबवेलों का खारा पानी है। नहरी पानी की कमी के चलते उसी खारे पानी से लोगों के घरों में पानी की सप्लाई की जा रही है। कई जगहों पर खारे पानी की सप्लाई भी दो से तीन दिनों में एक बार की जा रही है। नहरी पानी पहुंचनेक के बाद ही लोगों को राहत मिल पाएगी।

विधायक घनश्याम सर्राफ ने बताया कि शहर में पानी की किल्लत के चलते उन्होंने सिंचाई विभाग के इंजीनियर इन चीफ श्री चौहान से बात की है। शहर में हो रही पीने के पानी की समस्या से अवगत करवाया और सप्ताह के पानी छोड़े जाने से पहले अतिरिक्त पानी की मांग की। जिस पर अधिकारी ने करीब 400 क्यूसेक के आसपास पानी उपलब्ध करवाया है। जो कि बुधवार शाम तक जुई फीडर में मिताथल हैड तक पहुंचने की उम्मीद है। नहरी पानी पहुंचने के बाद शहर में पीने के पानी की समस्या नहीं रहेगी।




कान्स फिल्म फेस्टिवल



# रेड कार्पेट पर उतरीं शर्मिला और सिमी

## ‘अरण्येर दिन रात्रि’ का हुआ प्रीमियर

*पेरिस। ‘कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025’ का रेड कार्पेट सितारों से सज गया है। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल, सत्यजीत रे की फिल्म ‘अरण्येर दिन रात्रि’ की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। फिल्म के प्रीमियर पर दोनों ने रेड कार्पेट की वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई।*

### सिमी ग्रेवाल का पहला प्रदर्शन


कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल ने वॉक किया। ‘अरण्येर दिन रात्रि’ के विशेष प्रीमियर के लिए दोनों ने बेहतरीन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने एक साथ रेड कार्पेट पर पोज भी दिया। शर्मिला टैगोर ने हरे रंग की शानदार साड़ी पहनी थी, जबकि सिमी ग्रेवाल आइवरी रंग की ड्रेस में रेड कार्पेट पर चलीं। फिल्म के प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इस दौरान शर्मिला टैगोर की बेटी सबा पटौदी भी मौजूद थीं। दिलचस्प बात यह है कि सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था।

### फिल्म को 4के में किया गया है री-स्टोर

फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की फिल्म ‘अरण्येर दिन रात्रि’को अमेरिकी फिल्म निर्माता वेस एंडरसन के नेतृत्व में छह वर्षों में फिर से बनाया गया। इसे री-स्टोर करने का प्रोजेक्ट साल 2019 में शुरू हुआ। यह तब शुरू हुआ जब, मार्टिन स्कॉर्सेसे की द फिल्म फाउंडेशन के बोर्ड में अपने पद के माध्यम से एंडरसन ने फिल्म को संरक्षित करने के बारे में चर्चा शुरू की। निर्देशक के सत्यजीत रे के काम के प्रति जुनून ने द फिल्म फाउंडेशन के वर्ल्ड सिनेमा प्रोजेक्ट, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, जेनस फिल्म्स और द क्राइटेरियन कलेक्शन के बीच सहयोगात्मक प्रयास को आगे बढ़ाया, जिसमें गोल्डन ग्लोब फाउंडेशन द्वारा फंड दिया गया।

### 24 मई को तक चलेगा फेस्टिवल

सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था। फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 13 मई से हुई है। पिछले छह दिनों में कई भारतीय सितारों ने रेड कार्पेट पर वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई। कईयों के लिए यह साल खास रहा, क्योंकि उन्होंने कान महोत्सव में अपना डेब्यू किया। समारोह का समापन 24 मई को होगा।




## उर्वशी का जबरदस्त नया लुक

उर्वशी रौतेला इन दिनों उर्वशी रौतेला फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही है। हाल ही में वह जहां ऊप्स मोमेंट का शिकार हुईं, तो वहीं अगले दिन उनका एक और शानदार लुक सामने आया है। उसने अपना एक और लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस में लाजवाब पोज देती नजर आईं। इस नए लुक में उर्वशी बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस में लॉन्ग स्लीव्स के साथ नेकलाइन पर ब्राउन रंग का स्टाइलिश लुक दिया गया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने गले में कई नेकलेस पीस पहने हुए हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। इस लुक के साथ उर्वशी का हेयर स्टाइल उन्हें और भी खास बनाता है। इस लुक में उर्वशी को देखकर उनके फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

## डेनजल वाशिंगटन को मिला ‘पाम डी ओर’

## डकोटा जॉनसन ने दिखाई दिलकश अदा

पेरिस। हॉलीवुड अभिनेता डेनजल वाशिंगटन को कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ा सरप्राइज मिला। अभिनेता को पाम डी’ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सिनेमा में उनके लंबे और सफल कॅरियर को देखते हुए दिया गया।



निदेशक थिएरी फ्रेमॉक्स ने उन्हें पुरस्कार दिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद वह भावुक हो गए। डेनजल वाशिंगटन यह सम्मान पाने वाले 22वें व्यक्ति बन गए हैं।

*फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले मिला पुरस्कार :* यह सम्मानित पल स्पाइक ली द्वारा निर्देशित उनकी नवीनतम फिल्म ‘हाईएस्ट 2 लोएस्ट’ की स्क्रीनिंग से ठीक पहले घटित हुआ। कान्स फेस्टिवल के


*गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे ‘एक्वामैन’ एक्टर :* ‘एक्वामैन’ फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया। वह दोनों ‘स्प्लिट्सविले’की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान रेड कार्पेट पर दोनों ने पोज दिया।

### इन दिग्गजों को भी मिल चुका है पुरस्कार

2002 में मानद पाल्मे डी’ओर की शुरुआत के बाद से, इसे फिल्म जगत के कुछ सबसे सम्मानित लोगों को दिया गया है। पिछले प्राप्तकर्ताओं में क्लिंट ईस्टवुड, जोडी फॉस्टर, माइकल डगलस, मेरिल स्ट्रीप और जॉर्ज लुकास शामिल हैं। 2022 में टॉम क्रूज को भी इस पुरस्कार से सरप्राइज दिया गया था।

### जेसन और एड्रिया ने दिया रोमांटिक पोज

सोमवार को ‘फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे’फेम अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने भी रेड कार्पेट पर जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने खुद को खूबसूरत कॉटन-कैंडी गुलाबी फ्रिंज गाउन में स्टाइल किया था। जॉनसन ने अपने गुलाबी लुक को चांदी की बालियों के साथ पूरा किया।‘एक्वामैन’ फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने रेड कार्पेट पर रोमांटिक पोज दिया।



## कैलिफोर्निया में वेकेशन मना रही हैं माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड धक-धक गर्ल इन दिनों अपने पति डॉ नेने के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। डॉ. नेने ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका में वेकेशन की खास झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ डॉ नेने ने एक खास पोस्ट भी लिखा है। डॉ. श्रीराम नेने ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी माधुरी दीक्षित के साथ वेकेशन की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका की हैं। डॉ नेने ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, ‘बाहर और इधर-उधर। सांता मोनिका में माहौल बहुत अच्छा लग रहा है!’ इस तस्वीर में माधुरी अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरों पर बड़ी सी स्माइल है।



## हेरा फेरी-3 : एक दिन शूट करके परेश गायब

**मुंबई।** परेश रावल के फिल्म ‘हेरा फेरी 3’ छोड़ने की खबर ने फैंस और फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अब इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि परेश ने यह फैसला करने से पहले उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी। वो खुद इस स्थिति से हैरान और निराश हैं। प्रियदर्शन ने कहा, ‘फिल्म शुरू होने से पहले मैंने तीनों - अक्षय, सुनील और परेश- से क्लियर पूछा था कि क्या आप लोग तैयार हैं? सबने कहा- हां। फिर हमने एक दिन शूट भी किया। सब स्मूद चला। लेकिन, अचानक परेश जी के हटने की खबर आई... बिना कुछ बोले, बिना कोई कारण बताए। आज तक उन्होंने मुझसे इस बारे में कोई बात ही नहीं की।’ वहीं, जब हमने प्रियदर्शन से पूछा कि क्या वाकई अक्षय कुमार ने परेश रावल पर 25 करोड़ का दावा ठोका है।



## फिल्म का ऐलान करने आए हीरो-हीरोइन अपनी गुड न्यूज देकर छाए, बोले- हम शादी कर रहे हैं

*नई दिल्ली। तमिल एक्टर विशाल (47) और साई धनशिका (35) अगस्त में शादी करने जा रहे हैं। दोनों एक्टर्स ने सोमवार को चेन्नई में ‘योगी दा’ प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने रिश्ते को ऑफीशियली अनाउंस किया और खुशखबरी शेयर की। फैन्स से बात करते हुए धनशिका ने कहा कि वे एक-दूसरे को 15 सालों से जानते हैं, लेकिन हाल ही में डेटिंग शुरू की है। धनशिका ने कहा कि एक समाचार रिपोर्ट के वायरल होने के बाद उन्हें अपने रिश्ते को ऑफीशियल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, ‘हम प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाउंसमेंट नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, ‘विशाल और मैं 29 अगस्त को शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। मैं विशाल को पिछले 15 सालों से जानती हूं. जब भी हम पहले मिले, उन्होंने मेरे साथ हमेशा बहुत ही अच्छा व्यवहार किया।जब मैं बहुत मुश्किल में थी, तो वे मेरे घर आए और मेरे लिए आवाज उठाई। कोई भी हीरो मेरे घर कभी नहीं आया।यह उनका बहुत प्यारा व्यवहार था। अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ‘अभी हाल ही में हमने एक-दूसरे से बातचीत शुरू की है और हमें लगा कि यह किसी नतीजे पर पहुंच रहा है। आपसी सहमति से हम समझ गए कि हम शादी करना चाहते हैं। मैं बस यही चाहती हूं कि वह खुश रहें. मैं तुमसे प्यार करती हूं विशाल।’ विशाल ने खुशी-खुशी अपनी शादी की खबर मीडिया को दी और कहा, ‘मेरी शादी तय हो गई है। मेरी एक लड़की मिल गई है। धनशिका के पिता यहां हैं और उनके आशीर्वाद से, मैं उसे मिलवा रहा हूं। मैं बहुत खुश हूं, और मैं धनसिका से शादी करने जा रहा हूं।*

टीवी मसाला



## एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित करने आ रहा ‘शक्तिमान’

**नई दिल्ली।** लंबे समय से चर्चा है कि मुकेश खन्ना के टीवी सीरियल ‘शक्तिमान’ पर बॉलीवुड फिल्म बनेगी। हालांकि अभी इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन, मुकेश खन्ना एक बार फिर 1990 की दहाई के सुपरहीरो ‘शक्तिमान’ के रूप में वापस आ रहे हैं। इस बार वह वीडियो फॉर्मेट में नहीं, बल्कि ऑडियो फॉर्मेट में आने वाले हैं। पॉकेट एफएम ‘शक्तिमान’ शो को एक नई मूल ऑडियो सीरीज के तहत दोबार पेश करने वाला है। इसमें मुकेश खन्ना एक बार फिर सुपरहीरो बन रहे हैं। इस बार वह आवाज के जरिए सुपरहीरो बनेंगे। पॉकेट एफएम ने इस ऑडियो सीरीज के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है ‘जिस लीजेंड पर आप पहले विश्वास करते थे, वह पहले कभी न देखे गए अवतार में वापस आ रहा है। जल्द ही शक्तिमान ऑडियो सीरीज आ रही है, सिर्फ पॉकेट एफएम पर।’ पाकेट एफएम ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर की है उसमें एक वीडियो भी है। वीडियो में शक्तिमान के रूप में मुकेश खन्ना मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो पर लिखा है ‘शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है। 20 सालों तक भारत ने अपने सुपरहीरो का इंतजार किया। 20 साल के अंधेरे के बाद वह फिर से जाग गया है। शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है।’ आपको बता दें ‘शक्तिमान’ एक सुपरहीरो टेलीविजन सीरीज थी। यह सितंबर 1997 से मार्च 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। यह सीरीज काफी मशहूर थी। इसे बच्चों ने खूब पसंद किया। इस शो के बाद 2011 में ‘शक्तिमानः द एनिमेटेड सीरीज’ और 2013 में एक टेलीविजन फिल्म, ‘हमारा हीरो शक्तिमान’ आई।

## ‘वॉर 2’ का टीजर रिलीज, ऋतिक-जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘वॉर 2’ का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया। टीजर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिला है। अब टीजर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल है। फैंस टीजर में अपने-अपने पसंदीदा कलाकार को देखकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। ‘वॉर 2’ इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित ‘वॉर 2’ यशराज फिल्म्स के



स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इससे पहले ‘वार’ 2019 में रिलीज हुई थी, जिसमें ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आए थे। जूनियर एनटीआर के फैंस जहां वॉर 2 को बॉलीवुड में डेब्यू के लिए उनकी परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं। वहीं, ऋतिक फैंस उनकी झलक देखकर काफी उत्सुक हैं। वॉर 2 के टीजर को फैंस का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। अधिकांश यूजर्स टीजर को मास एंटरटेनर और शानदार बता रहे हैं। कई फैंस इस फिल्म की शानदार ओपनिंग की बात कह रहे हैं। फैंस वॉर 2 के टीजर को बेस्ट बता रहे हैं।

### अमिताभ की वजह से सुपरस्टार को चुकानी पड़ी थी कीमत

# संजीव कुमार ने की रिजेक्ट, विनोद खन्ना के हाथ लगी ब्लॉकबस्टर


*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन- विनोद खन्ना की ब्लॉकबस्टर फिल्म, जो मशहूर पटकथा लेखक सलीम-जावेद की कलम से निकली थी, जो उस समय बॉलीवुड में हिट मशीन बन चुके थे। फिल्म में विनोद खन्ना ने इंस्पेक्टर विशाल का रोल निभाया था, लेकिन ये रोल पहले संजीव कुमार को ऑफर हुआ था। लेकिन, उन्होंने स्क्रिप्ट में ‘कम स्क्रीन टाइमट की वजह से इसे रिजेक्ट कर दिया था।*

### शूटिंग के वक्त हुआ था बड़ा हादसा

साल 1978 की उस ब्लॉकबस्टर फिल्म का नाम है ‘मुकद्दर का सिकंदर’। इस फिल्म ने रिलीज के समय तहलका मचा दिया था। फिल्म की टिकट तक मिलना मुश्किल हो गया था। लेकिन, इसकी शूटिंग के वक्त एक बड़ा हादसा हो गया था। इस फिल्म को भले ही दर्शक कभी नहीं भुला पाएंगे। लेकिन, मेकर्स भी इस फिल्म को कभी नहीं भुला पाएंगे। दरअसल, फिल्म की शूटिंग के वक्त बिग बी के हाथ से कुछ ऐसा हुआ कि बॉलीवुड के मोस्ट हैंडसम एक्टर की ठोड़ी पर छह टांके आए थे।

### विनोद खन्ना के चेहरे पर लगा ग्लास

बात साल 1978 में रिलीज हुई फिल्म ‘मुकद्दर का सिकंदर’ के उस सीन की है जिसमें अमिताभ बच्चन द्वारा फेंका गया कांच का गिलास विनोद खन्ना की ठोड़ी पर जा लगा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और छह टांके लगाने पड़े। दरअसल, मुकद्दर का सिकंदर’ का एक इमोशनल सीन शूट करना था। अमिताभ बच्चन अपने किरदार में इस कदर डूब गए थे कि वह उन्होंने ग्लास इतनी तेज फेंका कि ये सीधा विनोद खन्ना के चेहरे पर जा लगा। सेट पर मौजूद सभी लोग तुरंत हरकत में आए और विनोद खन्ना को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनके छह टांके आए।




### गीत और डायलॉग किए गए थे पसंद

इस फिल्म की कहानी और गीत ही नहीं, इस फिल्म के डायलॉग भी काफी पसंद किए गए थे। जितनी शराब पी है, उसी में डूब मरो! विनोद खन्ना के इस डायलॉग पर सेट पर तालियां बजी थीं। यह सीन कई बार री-टेक हुआ, क्योंकि विनोद खन्ना बार-बार अपनी हंसी रोक नहीं पा रहे थे, जब अमिताभ बच्चन शराबी अदाओं में डगमगाते थे।

### जोहरा बाई के रोल में रेखा ने डाल दी थी जान

इस फिल्म में विनोद खन्ना ने विशाल आनंद की भूमिका निभाई थी। विनोद खन्ना ने इस फिल्म को तब हामी दी थी, जब अमिताभ बच्चन के बराबर फीस ऑफर हुई थी। फिल्म में रेखा का जोहरा बाई का रोल काफी छोटा था, लेकिन उन्होंने उसमें जान डाल दी, उनकी आंखों के इमोशन्स और ‘सलाम-ए-इश्क’ में उनकी . अदायगी ने दर्शकों को दीवाना बना दिया था। विनोद खन्ना और अमिताभ की इस फिल्म ने उस वक्त एक करोड़ के बजट में बनकर 2 करोड़ 69 लाख रुपए बिजने किया था।

## खबर संक्षेप



### खुशी ने सर्वाधिक 96 फीसदी अंक प्राप्त किए

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम में हांसी रोड स्थित जेएन हाई स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय संचालिका अनुधायल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में खुशी ने सर्वाधिक अंक 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अध्यापक वर्ग और अभिभावकों को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी। छात्र निकिल ने गणित में 100 में से 100, भावना ने शारीरिक शिक्षा में 100 में से 100, और खुशी ने शारीरिक शिक्षा विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

### बाल्यकाल के संस्कार जीवनभर आते काम

**भिवानी।** बच्चे भगवान का स्वरूप होते हैं, बाल्यकाल में दिए गए संस्कार एवं शिक्षा जीवनभर काम आती है, ये बात प्रमुख समाजसेवी रविंद्र कैरूवाले ने श्रीराम पाठशाला के बच्चों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपनी ओर से सभी 300 बच्चों को स्कूल ड्रेस भेंट की। विद्यालय में पहुंचने पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रमेश बंसल एवं प्रबंधक बैजनाथ जैन ने उनका माल्यार्पण, पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। स्कूल की प्राचार्य संगीता अरोड़ा ने उषा देवी को सम्मानित किया। विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

### शहीद स्मारक के निर्माण का रास्ता हुआ साफ

**बहल।** भूतपूर्व सैनिक कष्ट निवारण समिति परिषद ट्रस्ट द्वारा बहल कस्बे में बनाए जाने वाले शहीद स्मारक के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को सैनिकों की हुई बैठक में जहां स्मारक के प्रारूप पर मुहर लगी वहीं स्मारक के निर्माण और समयावधि को लेकर जरूरी चर्चा हुई। उपस्थितजनों ने कहा कि बहल का शहीद स्मारक एक भव्य स्मारक होगा जिसमें क्षेत्र के सभी सैनिकों का योगदान रहेगा।

### हनुमानजी का सामूहिक मंगलपाठ आयोजित

**भिवानी।** एमसी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क शिव मंदिर प्रांगण में मंगलवार को हनुमानजी का सामूहिक मंगल पाठ किया गया। ये भारत माता सेवा मंडल द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर सर्व प्रथम हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष संरक्षक पंडित पूर्णमल शर्मा, गणपत जसूजा, धर्मपाल वधवा ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता पदमसिंह चौहान, देवेश गोयल, जुगनू पेंटर, सतीश कथूरिया व चंद्रभान ने भजन और हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी।

### गांव खावा में 4 जून को होगा कार्यक्रम आयोजित

**तोशाम।** किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की दूसरी पुण्यतिथि पर 4 जून को जिला के गांव खावा स्थित किसान भवन में गौभक्त हरफूल सिंह जाट जुलानी वाला गौशाला का उद्घाटन एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से ग्राम स्वराज किसान मोर्चा एवं गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट द्वारा इन दिनों निमंत्रण अभियान चलाया हुआ है।

### पुरानी पेंशन बहाल करें सरकार: अध्यापक संघ

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिला सचिव सुमेर आर्य, कोषाध्यक्ष अनूप सिवाच, वरिष्ठ उपप्रधान अंजू देवी, प्रेस सचिव सुनील सुरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा पेंशन संबंधित नीतियों पर अपनाए जा रहे दोहरे रवैये की संगठन कड़ी आलोचना करता है। उन्होंने कहा कि पांच साल के सांसदों/ विधायकों के लिए पुरानी पेंशन और वह भी अलग-अलग टर्म के लिए अलग-अलग लागू हैं और अपने जिंदगी का बड़ा हिस्सा सरकारी सेवा में लगाया है।

पंचायत भवन में कार्यशाला का आयोजन

# रिसोर्स पर्सन को नशे से दूर रहने के लिए दिया प्रशिक्षण

रिसोर्स पर्सन जिले के सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पॉलिटेक्निक और कॉलेज में विद्यार्थियों को धूम्रपान और ड्रग्स आदि नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में मंगलवार को पंचायत भवन में कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें रिसोर्स पर्सन को धूम्रपान और ड्रग्स आदि नशे से दूर रहने का प्रशिक्षण दिया गया। रिसोर्स पर्सन को स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग और डीएडिक्शन केंद्र आदि से विशेषज्ञों द्वारा विशेष जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद ये रिसोर्स पर्सन जिला के सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पॉलिटेक्निक और कॉलेज में विद्यार्थियों को धूम्रपान और ड्रग्स आदि नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करेंगे।

कार्यशाला में उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर, मुख्य मास्टर ट्रेनर राकेश रोहिल्ला, डीआईपीआरओ सुरेंद्र सिंगल, पुलिस विभाग से उप निरीक्षक माखन सिंह व उप निरीक्षक अनिल कुमार के अलावा कमल शर्मा तथा मनु कादयान ने नशे के प्रकार तथा नशे से होने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान में विद्यालयों की भूमिका पर विस्तार से बताया तथा विद्यार्थियों को नशे के दलदल से बाहर निकलने के लिए जागरूकता लाने का आह्वान किया।



भिवानी। पंचायत भवन में उपस्थित लोग। फोटो: हरिभूमि

### विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण शिविर में बताए नशा छोड़ने के लिए अपनाए जाने वाले कुछ प्रभावी तरीके

नशे की लत के कारणों को समझें: नशे की लत के कारणों को समझना इसके इलाज के लिए महत्वपूर्ण है। तनाव, जेनेटिक्स, पर्यावरणीय कारण, मनोवैज्ञानिक कारण और मानसिक विकार जैसे अवसाद नशे की लत के कुछ सामान्य कारण हैं। नशे की लत के लक्षणों को पहचानें: नशे की लत के लक्षणों में दवाओं का बार-बार उपयोग करने की तीव्र इच्छा, स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद पदार्थों का अनवरत उपयोग और जुनून शामिल हैं। उपचार के विकल्प: नशे की लत से निजात पाने के लिए काउंसलिंग, चिकित्सा और समर्थन समूह जैसे कई उपचार विकल्प उपलब्ध हैं। मनोरोग विशेषज्ञ या एडिक्शन स्पेशलिस्ट से परामर्श लेना भी मददगार हो सकता है।

### जीवनशैली में बदलाव

नशे की लत से निजात पाने के लिए जीवनशैली में बदलाव करना भी महत्वपूर्ण है। इसमें स्वस्थ तनाव प्रबंधन तकनीकें सीखना, परिवार और दोस्तों के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना शामिल है। नशे की लत से निजात पाने के लिए सहायता प्रणाली का होना भी महत्वपूर्ण है। इसमें परिवार, दोस्त शामिल हो सकते हैं।

### युवा पीढ़ी देश का भविष्य

*उपायुक्त महाबीर कौशिक ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का एक विजन है कि प्रदेश को ड्रग्स फ्री और युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके। युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है। युवा पीढ़ी को धूम्रपान या ड्रग आदि किसी भी प्रकार के नशे से बचाना बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों में जागरूकता के लिए रिसोर्स पर्सन को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।*

# स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

- छात्रों में राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत करते है सैनिकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




भिवानी। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी व मौजूद अतिथि। फोटो: हरिभूमि

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चलाए ऑपरेशन सिंदूर के तहत निकाली तिरंगा यात्रा को लेकर श्रीअग्रवाल सभा ने मंगलवार को श्रीमती अनारा देवी विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभा के प्रधान सुनील सर्राफ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने बड़े ही गर्म जोशी के साथ देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर प्राचार्या रितु खेमका, अध्यापिकाओं एवं बच्चों ने भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। सभा के प्रधान सुनील सर्राफ ने भारत सरकार के द्वारा चलाए ऑपरेशन सिंदूर की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति से बढ़कर कुछ भी नहीं है। उन्होंने बच्चों को राष्ट्र की सेवा कार्यो में आगे आने का आह्वान किया। इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन बहुत जरूरी है, इससे विद्यार्थियों में देशभक्ति एवं राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होती है।

इस अवसर पर सहसचिव मनीष मैदावाला, कोषाध्यक्ष मनीष वैद, सुरेश कागजी, आशीष मित्तल एडवोकेट, समाजसेवी सुशील बुवानीवाला, रामअवतार गुप्ता व सीताराम सर्राफ आदि उपस्थित रहे।

# निकिता 490 अंक हासिल कर ब्लाक में रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



- निराला हाई स्कूल का कक्षा 10 का परिणाम शानदार रहा।

निराला हाई स्कूल की छात्रा ने मनवाया अपनी मेहनत का लोहा। 490 अंको के साथ पाया बवानी खेड़ा ब्लॉक में प्रथम स्थान। निराला हाई स्कूल का कक्षा 10 का परिणाम शानदार रहा। नितिका पुत्री विजय कुमार ने 490 अंक प्राप्त किये और बवानी खेड़ा ब्लॉक ने प्रथम स्थान पर रही। वही प्रीती पुत्री राजेश कुमार ने 476 अंक प्राप्त करके विद्यालय में दूसरा तथा वर्षा पुत्री सुनील कुमार ने 457 अंको के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। निराला हाई स्कूल के शिक्षक वर्ग के सभी सदस्य दिन प्रतिदिन स्वयं को परखते रहते है, नित नये उत्साह के साथ आगे की यात्रा की तैयारी करते रहते है। ये अध्यापकगण नव विचार, नव आचार सीखते है ताकि अपनी संस्था में प्रवेश लेने वाले हर बालक व बालिका को नई ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित कर सके। भारतीय संस्कारो, सांस्कृतिक मूल्यों का पालन करते हुए विद्यार्थी अपनी सोच को विश्वव्यापी बना सके।

### गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए बरतें एहतियात : डॉ नैन

**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम के मद्देनजर हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू व हीट वेव का खतरा बढ़ रहा है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, पढने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम सब लू से बचे रहें। यानी हीट वेव से बचाव इलाज से बेहतर है। एसडीएम डॉ. नैन ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो।



### अंतर सदनीय क्विज में अग्नि टीम प्रथम

**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय जीके क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में पांचवीं कक्षा के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में चारों सदन अंबर, अग्नि, समीर एवं वसुंधरा के अंतर्गत बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाना था, जिसमें अग्नि टीम प्रथम, द्वितीय स्थान पर वसुंधरा एवं तीसरे स्थान पर समीर टीम रही। टीम अंबर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम के प्रतिभागियों में करुणा, यांशी,परी एवं दीपी, (अग्नि) मन्नत, दिया, चांसी, विहान (वसुंधरा) , वीनू, रितेश, नक्श, तन्वी व क्विज में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार भी दिए गए। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने बताया कि देशभर में सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिताओं की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही हैं। विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में छात्रों की भागीदारी उल्लेखनीय रही, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में बड़ा लाभ मिल रहा है। ये प्रश्न छात्रों को अपनी सामान्य जानकारी मजबूत करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# मोहनलाल के निधन पर जताया शोक

- मोहनलाल ने 49 वर्षों तक साइकिल पर किया अखबार वितरण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

कहते है बेहतर स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाना सबसे बड़ा व्यायाम है। अखबार वितरण करते करते अपनी 67 वर्ष की जिंदगी के 49 साल साइकिल चलाते हुए गुजारने वाले अखबार वितरक मोहनलाल कलोठिया का विगत दिवस हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से असाध्य रोग से पीड़ित थे, उनके निधन पर शहर के लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

बता दें कि मोहनलाल कलोठिया ने 1976-77 के वर्षों में उस वक्त अखबार वितरण का कार्य शुरू किया था, जब अखबार यातायात के सार्वजनिक साधनों से पहुंचता था। समय बीतता गया और मोहनलाल की साइकिल की टोकरी में विभिन्न नामों के अखबारों की संख्या बढ़ने लगी थी। लोहारू और आसपास के इलाके में जब भी किसी को अखबार की जरूरत पड़ती तो मोहनलाल का नाम ही सामने आता था। मोहनलाल ने जनसेवा का असर उनकी आने वाली पीढ़ियों में भी दिखाई दिया। मोहनलाल के बाद उनके पुत्र अतर सिंह ने वर्ष 1993-94 के आसपास अखबार वितरण का कार्य शुरू कर दिया। वहीं उनका दूसरा पुत्र सुशील भी पिछले करीब 10 वर्षों से अखबार वितरण का कार्य कर रहा है। यहीं नहीं मोहनलाल का पौत्र भी सुबह स्कूल जाने से पहले एक घंटे अखबार वितरण में अपने पिता अत्तर सिंह का हाथ बंटाता है।

### एक ही परिवार की तीन पीढ़िया कर चुकी अखबार वितरण



मोहनलाल कलोठिया का फाइल फोटो।

मोहनलाल का परिवार ही एक ऐसा परिवार हैं, जिनकी तीन पीढ़ी शहर में अखबार वितरण का कार्य कर चुकी हैं, जो अपने आप में मिसाल है। मोहनलाल के निधन पर शहर के अनेक लोगों ने गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि मोहनलाल अपने कार्य के प्रति निष्ठावान थे, उनकी सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हाल ही के कुछ महीनों में मोहनलाल किसी असाध्य रोग से पीड़ित थे, इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने पुत्रों को सदैव सदाचार और समाजसेवा के मार्ग पर चलने का संदेश देते रहे।



### पौधरोपण के साथ राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ने बोर्ड परीक्षा परिणाम का मनाया जश्न

**तोशाम।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, ईशरवाल की छात्राओं ने एक बार फिर परीक्षा परिणाम में अपनी मेधा और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस दौरान स्कूल प्रांगण में पौधारोपण करके इस उपलब्धि का जश्न मनाया गया। इस वर्ष के परिणामों में कुल 26 छात्राओं में से 8 मेरिट में और 10 छात्राएं 70 प्रतिशत से ऊपर के साथ उत्तीर्ण हुई हैं। यह विद्यालय के लिए एक गर्व का क्षण है। मेरिट में आई छात्राओं को बधाई देते हुए, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक प्रधान संजय बुशान ने कहा कि हम उनकी इस उपलब्धि को सलाम करते हैं। इस दौरान मेरिट में आए बच्चों के हाथों से पौधारोपण करवाया गया और एक नई मुहिम की शुरुआत की। परीक्षा परिणाम में आशा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है, जबकि सुनीता, ज्योति कुमारी, नीतिका कुमारी, निशा, नीरज, मंजू और प्रीती ने भी अपनी मेहनत और लगन से मेरिट में स्थान बनाया है। जिसके लिए अभिभावकों ने विद्यालय के स्टाफ को भी बधाई दी।

# 116 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की

- पीएमश्री कन्या स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। मेरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं का अभिनंदन करती शिक्षिकाएं।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किए जाने पर पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में मेरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्राचार्या सुशीला व स्टाफ सदस्यों ने मिठाई खिलाकर व फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

दोनों कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं 80 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्राचार्या ने माला पहनाकर मिठाइयां खिलाई। परीक्षा प्रभारी नीलम ने बताया कि 12वीं कक्षा का परिणाम 98.73 फीसदी रहा और 116 छात्राओं ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। दो छात्राओं ने भूगोल में 100 में से 100, दो छात्राओं ने समाजशास्त्र में 100 में से 100, एक छात्रा ने कंप्यूटर विज्ञान में 100 में से 100 व एक छात्रा ने संस्कृत में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय में रिद्धि 500 में से 467 अंक लेकर प्रथम, मनीषा 500 में से 464 अंक लेकर द्वितीय और किरण 500 में से 463 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। डॉ. कुलवंत कौर ने बताया कि दसवीं कक्षा का परिणाम 95 फीसदी रहा है। वहीं सबा आलम ने 500 में से 477, तमन्ना ने 500 में से 474 व इशिका ने 500 में से 473 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूजा ने अंग्रेजी में 100 में से 100, इशिका और नेहा ने कंप्यूटर विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये हैं।

### खारे पानी पर आधारित सेंटर बनने से मत्स्य पालन को मिलेगा बढ़ावा

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत जिला के गांव गरवा में इंटीग्रेटिड एक्वा पार्क सेंटर ऑफ एक्सीलेंस यानि खारे पानी पर आधारित मछली पालना का एक सेंटर बनाया जा रहा है। यह लगभग 25 एकड़ जमीन में बन कर तैयार होगा। इस योजना का उद्देश्य मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों व मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना है। इसमें सभी आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। खारे पानी पर आधारित इस सेंटर के बनने से मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा। डीसी ने इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

# अब राष्ट्रव्यापी हड़ताल 9 जुलाई को

- बैठक में बोर्ड संस्था के भविष्य को लेकर विभिन्न मुद्दों पर गहनता से किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी संगठन-1016 संबंद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में स्थित संगठन कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सत्यवीर स्वामी ने की तथा मंच का संचालन महासचिव सोमवीर पुनिया ने किया।

रबैठक में बोर्ड संस्था के भविष्य को लेकर विभिन्न मुद्दों पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महासचिव सोमवीर पुनिया ने कहा कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर 20 मई को राष्ट्रीय स्तर की जाने वाली हड़ताल को देश में उत्पन्न मौजूदा स्थिति को देखते हुए स्थगित कर दिया गया था तथा अब यह राष्ट्रव्यापी हड़ताल 9 जुलाई को होगी। जिसमें बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न मांग व मुद्दों को लेकर बढ़-चढक़र भाग लेने बार निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान देवेंद्र सिंह, जोगेंद्र, भारतदीप, अशोक लांबा, अशोक पिलानिया, संदीप जांगड़ा, अमनदीप, अंजू बाला संदीप कुमार, अनुप खेदड़, अरूण कुमार, कुलदीप सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



### ग्राम स्वराज किसान मोर्चा व गो किसान समृद्धि ट्रस्ट ने चलाया निमंत्रण अभियान

**भिवानी।** शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की दूसरी पुण्यतिथि पर चार जून को गांव खावा स्थित किसान भवन में गौभक्त हरफूल सिंह जाट जुलानीवाला गौशाला का उद्घाटन एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से ग्राम स्वराज किसान मोर्चा एवं गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट द्वारा इन दिनों निमंत्रण अभियान चलाया। इसी कड़ी में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु व ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोदारा के नेतृत्व में कोर्ट परिसर में निमंत्रण अभियान चलाया तथा अधिवक्ताओं को कार्यक्रम में पहुंचने का न्यौता दिया। इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर सिंह खरेटा, जिला सचिव मनफूल पटौदी, राजसिंह धनाना, ईश्वर बागनवाला, राजबीर ढुहन व डॉ. राजेंद्र डागर आदि मौजूद रहे।

पशु चिकित्सकों ने विशेष सावधानी बरतने का किया आह्वान

# बढ़ती गर्मी से पशुओं की भी बढ़ रही परेशानियां

- तेज गर्मी व लू की वजह से पशुओं में हो जाती डी-हाईड्रेशन की समस्या: डॉ. विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। गोवंश की जांच करते चिकित्सक विजय सनसनवाल। फोटो: हरिभूमि

जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है, वैसै-वैसे लोगों की परेशानियां भी बढ़ती जा रही है। बढ़ती गर्मी न केवल इंसानों के लिए परेशानी का सबब है, बल्कि पशुओं पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिसके चलते दुधारू पशुओं में 15 से 20 प्रतिशत तक दूध में भी कमी आई है। पशुओं में तेज बुखार हो जाता है और पशु चरना भी छोड़ देते है, ऐसे में पशुओं का तुरंत प्रभाव से पशु चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए। इसके अलावा पशु चिकित्सक ने पशु पालकों से आह्वान किया कि वे अपने पशुओं को गर्मी की मार से बचाने के लिए कुछ विशेष सावधानियां बरतें ताकि पशुओं गर्मी से होने वाली दिक्कतों से बचाया जा सके।

### दिन में 3-4 बार पानी पिलाएं: डॉ. सनसनवाल

डॉ. विजय सनसनवाल ने बताया कि तेज गर्मी व लू की वजह से पशुओं में डी-हाईड्रेशन हो जाता है और शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे पशु की खाल में झुर्रिया दिखाई देती है और नाक भी सूख जाती है। इसके अलावा पशु हॉफना भी शुरू कर देता है, तापमान बढ़ने से इसका असर नर्वस सिस्टम पर भी पड़ता हैं और पशु चक्कर खाकर गिर भी सकता है। पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए पशुपालकों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। उन्होंने बताया कि धूप निकलने से पहले व देर रात पशु को नहलाए, दिन में 3-4 बार पानी पिलाए, पशुओं के लिए कूलर का प्रबंध करें, खेतों में रहने वाले पशुओं को अगर पेड़ के नीचे बांधते है तो आसपास सुबह उठते ही ठंडे पानी का छिड़काव करें और पशुओं को तूड़ा कम व हरा चारा अधिक दें। डॉ. विजय ने बताया कि हरे चारे में भी ध्यान रखे कि कम बढ़ी हुई ज्वार या बाजरा न दें, अगर हरे चारे में स्प्रे किया गया है तो वो चारा न खिलाए, पशु को ह रोज 50-50 ग्राम खनिज मिश्रण अवश्य खिलाएं। उन्होंने बताया कि हॉफने वाले पशु के लिए नहर के पास खड़ी हई भांग के पौधें हरे चारे में मिलाकर खिलाने पर बहुत ही फायदेमंद रहते है। लेकिन इसकी मात्रा 300 ग्राम से अधिक नहीं होनी चाहिए। गर्मी के बुखार के लिए उन्हे सुबह-शाम एक घंटा सूर्योदय से पहले व सूर्यास्त के बाद जोहड़ में रखना है।

## खबर संक्षेप

### युवती लापता, पुलिस तलाश में जुटी

**लोहारू।** उपमंडल के एक गांव से एक 24 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। युवती की मां की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती की मां ने बताया कि उसकी 24 वर्षीय बेटी जीएनएम का कोर्स कर रही थी। वह बिना बताए घर से चली गई थी और उसके बाद वपस नहीं लौटी।

### पांच युवकों पर हमला कर नकदी छीनने का आरोप

**लोहारू।** गांव बरालु में सीएससी सेंटर संचालक मनीष ने पांच युवकों पर लाठी डंडों से हमला करने और सेंटर के गल्ले में रखी हजारों रुपयों की नकदी लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक नामजद सहित पांच पर केस दर्ज किया है। पुलिस को बयान बरालु निवासी मनीष ने बताया कि वह अपने सेंटर पर काम रहा था इस दौरान गांव का ही एक युवक बार बार चक्कर लगा रहा था। इतने में दो बाइक पर सवार पांच युवक सेंटर पर आ धमके और लाठी डंडों से प्रहार कर उसके गल्ले में रखी करीब तीन से चार हजार रुपये की नकदी छीनकर फरार हो गए।

### विधायक के चचेरे भाई का निधन

**लोहारू।** लोहारू के कांग्रेसी विधायक राजबीर फरटिया के चचेरे भाई संदीप सिंह का विगत दिवस हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव फरटिया भीमा में किया गया। संदीप सिंह के निधन पर शोक प्रकट करने वालों का तांता लगा हुआ है। शोक प्रकट करने वालों में राजगढ़ की पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया, मा. सतबीर रतेरा, किसान नेता रवि आजाद, बेरी नपा चेयरमैन देवेंद्र कादियान, रणधीर पनिहार के पुत्र भूपेंद्र सिंह, संजय खंडेलवाल, धनपत सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहताश चौहान आदि शामिल हैं।

## एआईयूटीयूसी ने मजदूर और कर्मचारियों की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# मनरेगा मजदूरों को साल में 200 दिन काम और 800 रुपये दिहाड़ी दी जाए, कच्चे कर्मचारी पक्के हों

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सरकार की मजदूर-कर्मचारी नीतियों के कारण मजदूर व कर्मचारी दोनों ही वर्ग अपने हितों से वंचित है। मजदूर-कर्मचारी से संबंधित विभिन्न मांगों को पूरा किए जाने की मांग को लेकर ऑल इंडिया यूनाईटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) के जिला प्रधान धर्मबीर सिंह व जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगराधीश अनिल कुमार के माध्यम से केंद्र सरकार के नाम मांगपत्र सौंपा तथा जल्द सभी मांगे पूरी करवाने की गुहार लगाई। एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान धर्मबीर सिंह व जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने मांगपत्र के माध्यम से श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड रद करने, न्यूनतम वेतन 28 हजार रुपये मासिक करने, न्यूनतम पेंशन 10 हजार रुपये मासिक करने, ठेका, मनरेगा मजदूरों को वर्ष में 200 दिन काम और 800 रुपये दिहाड़ी देने, कैजुअल, आउटसोर्स, सक्षम तथा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, आंगनबाड़ी, आशा, मिडे-डे-मील सहित स्कीम वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग उठाई।

इसके अलावा उन्होंने स्कीम वर्कर्स को श्रमिक मानकर न्यूनतम वेतन सहित सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने तथा हर माह की सात तारीख को वेतन देना सुनिश्चित करने, सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर स्थायी भर्तियां करने, यूपीएस व एनपीएस रद कर पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने, निर्माण श्रमिकों की पंजीकरण प्रक्रिया सरल करने, निजीकरण पर रोक लगाते हुए सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत करने, श्रम कानून को सख्ती से लागू करने आदि मांगें केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजकर की।



**भिवानी।** नगराधीश को ज्ञापन सौंपते एआईयूटीयूसी के सदस्य।



**भिवानी।** जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों से मिलने जाते कामरेड ओमप्रकाश व अन्य।

### बिजली-पानी संकट से जनता बेहाल, कैंपर से चला रहे काम

**भिवानी।** इन दिनों जिलेभर में बिजली व पानी का संकट गहराया हुआ है। एक तरफ रात को बिजली कट, भंयकर गर्मी व मच्छरों की वजह से परेशान लोग सो नहीं पाते, वहीं पिछले एक सप्ताह से शहर, कस्बों व गांवों में पानी की एक बूंद भी नहीं आ रही है। जिले के सभी टैंक, गांव के बुस्टिंग स्टेशन व तालाब सूखे पड़े हैं। जनता को रुपये लगाकर पीने के पानी के कैंपर व टैंकर मंगवाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि पीने के पानी व बिजली कटौती से तंग आकर जनता संबंधित अधिकारियों को फोन करती है तो कोई अधिकारी व कर्मचारी उनके फोन नहीं उठाते है। जनसंघर्ष समिति के संयोजक व मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जनता की समस्याओं को लेकर मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता व कार्यकारी अभियंता से उनके कार्यालय में मिलने पहुंचा, इस दौरान अधीक्षक अभियंता वहां नहीं थे, लेकिन कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत मिले। उन्होंने पानी की व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया।

## विधायक सांगवान ने शहीद के घर पहुंचकर जताया शोक



**चरखी दादरी।** विधायक सुनिल सांगवान गांव समसपुर में शहीद मनोज फोगाट के घर पहुंचे और शोक जताया। इस दौरान उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। बता दें कि पंजाब के कपूरथला में ड्यूटी के दौरान मातृभूमि की सेवा का कर्तव्य निभाते हुए शहीद मनोज फोगाट 15 मई को शहीद हो गए थे। मंगलवार को उनके निवास स्थान पर पहुंचकर विधायक ने शोक व्यक्त किया और परिवारजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और कहा कि इस दुखद क्षण में पूरा देश अपने शहीद मनोज फोगाट के परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उनकी शहादत को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा और मातृभूमि पर बलिदान देने वाले इस अमर सपूत को सदैव श्रद्धा और सम्मान के साथ नमन किया जाएगा।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T.
रेलवे
CUET
अग्निवीर
S.S.C.
Delhi Police
अनुभवी अध्यापक
नोटस पैकेज
शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926

# शिवम स्कूल में रिजल्ट उत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

मंगलवार को शिवम स्कूल लोहानी द्वारा कक्षा दसवीं व 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत विद्यालय में रिजल्ट उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में इस अवसर पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शीतल लोहानी ने अपने स्वर्गीय पिता पर शानदार भाषण दिया। छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर पर बहुत ही भव्य प्रस्तुति दी। छात्रा अवनी की टीम का तालियो के साथ मनोबल बढ़ाया। छात्रा भूमिका की टीम बादल बरसो पर मनमोहक डांस करके दर्शकों का मन मोह लिया। मार्च 2025 में कक्षा दसवीं में विद्यालय के कुल 73 छात्रों ने परीक्षा दी, जिसमें 54 छात्रों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल कर के मेरिट में स्थान प्राप्त किया। जिसमें छात्रा हर्षिता ने स्कूल को टॉप किया तथा कक्षा 12वीं में कुल 75 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से 51 छात्रों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल कर के मेरिट में स्थान हासिल किया। दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में गीता दिनोद ने विद्यालय को टॉप किया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक निशांत तंवर ने अभिभावकों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे आज बहुत ही गर्व हो रहा है कि अभिभावकों का इतना बड़ा परिवार मेरे साथ इतनी गर्मी में लगातार 5 घंटे से बैठकर कार्यक्रम की शोभा बढाकर मुझे इतने होनहार छात्र देकर अनमोल आशीर्वाद दे रहे हैं। प्राचार्य संजय शर्मा ने अपने संबोधन में परीक्षा परिणाम की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों ने बहुत मेहनत की तथा अध्यापकों का परिणाम के प्रति आभार जताया।



**भिवानी।** परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

# सदर थाना पहुंचे एसपी, बोले- लोगों से अच्छा व्यवहार करें पुलिस कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने सदर पुलिस थाने के क्राइम रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना सदर में दर्ज मुकदमों, शिकायतों व अन्य अपराधिक रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। थाना परिसर, एमएचसी रुम, मालखाना, हवालात और कंप्यूटर कक्ष का बारिकी से जायजा लिया। एसपी अर्श वर्मा ने कहा कि पुलिस थाने का वातावरण और सफाई बेहद जरूरी है। जब लोग अपनी शिकायतें लेकर आते हैं, तो उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि हम उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाना में शिकायत लेकर आने वाले लोगों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करें। उन्होंने थाना मोहर्र से रिकॉर्ड की जानकारी लेते हुए साफ-सफाई के मुद्दे पर भी ध्यान दिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुसंधानकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे शिकायतों का निपटारा जल्द से जल्द करें।



**चरखी दादरी।** सदर थाना का निरीक्षण करते एसपी अर्श वर्मा।

रस्म क्रिया



स्व. श्री मोहन लाल कलोठिया

आपको बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री मोहन लाल कलोठिया अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 10.05.2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए रस्म क्रिया दिनांक 21.05.2025 बुधवार, अपराह्न 4.00 बजे हमारे निवास स्थान रेलवे लोको कॉलोनी, लोहारू, जिला भिवानी हरियाणा में होगी।

समस्त शोकाकुल परिवार

सम्पर्क सूत्र : 8053172877

